# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग—1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई, 1981 ई०

विषय-सूची


पृष्ठ

प्रश्नों के लिखित उत्तर :—बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम 4(ii) के परन्तुक के अधीन सभा मेज पर रखे गये प्रश्नों के लिखित उत्तर। ... 1

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :

अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या :—97, 99, 100, 101, 102, 103, 104, एवं 105 ... 1—11

## गेहूं की आपूर्ति।

साधु-60. श्री अर्जुन राम—क्या मन्त्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिले के रामगढ़ प्रखण्ड में श्री भीखमंग महतो को काम के बदले भोजन योजनान्तर्गत पोटमदागा से दुलाभी तक रास्ता बनाने की अनुमति मार्च, 1980 में मिली थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 67 क्वी० में 30 क्वीं० गेहूं का भुगतान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो श्री महतो को 37 क्वींटल बकाया गेहूं देने का विचार सरकार रखती है, यदि हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, ग्राम पु० नि० विभाग—(1) रामगढ़ प्रखण्ड में श्री भूखमंग महतो को काम के लिए योजना योजनान्तर्गत पोटमादगा सेदुलमी तक रास्ता बनाने की अनुमती मार्च, 1980 में नहीं वरन् जून, 1980 में दी गई थी ;

(2) इस योजना में कुल 60 क्वींटल का कार्य हुआ है जिसमें 50 क्वींटल गेहूं का वितरण हो चुका है।

(3) शेष गेहूं का आवंटन खाद्यान्न के विमोचन पर विचार किया जा सकेगा। यदि खाद्यान्न का विमोचन नहीं किया गया तो नगद आवंटित राशि से ही बकाये मजदूरी का भुगतान किया जायगा।

---

## पौस्टिक आहार का वितरण।

साधु-40. श्री अर्जुन राम—क्या मन्त्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि हजारीबाग जिलान्तर्गत गोला प्रखण्ड के पौष्टिक आहार की कितनी ईकाई चल रही है, और मार्च 1979 से दिसम्बर, 1980 तक कितना दर्रा एवं सोयाबीन तेल दिया गया है ?

**प्रभारी मन्त्री, कल्याण विभाग**—हजारीबाग जिला के गोला प्रखण्ड में पौष्टिक आहार को कुल 52 इकाई है तथा मार्च 1979 से दिसम्बर, 1980 तक इन ईकाईयों में निम्नरूप से खाद्यान्नों की आपूर्त्ति की गई है;

| | | |
|---|---|---|
| (1) बलगर गेहूं | — | 8,926 बोरा |
| (2) बटर आयल | — | 3,852 टीन |
| (3) पीनट तेल | — | 323 टीन |
| (4) सोयाबीन तेल | — | 12 क्वींटल |
| | | 75 किलो |

— —

दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कारंवाई।

सामु-67. श्री अर्जुन राम—क्या मन्त्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) हजारीबाग जिला के गोला प्रखंड में काम के बदले भोजन योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की गई है तथा उक्त योजनाओं में कितने-कितने चावल एवं गेंहुं का आवंटन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही हैं कि उक्त प्रखण्ड में विकास पदाधिकारी द्वारा इस योजना में काफी अनियमितता की गयी है तथा उचित रूप से गेहूं एवं चावल का वितरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी व्यक्ति को सजा देने का विचार रखती है, यदि नहीं. तो क्यों ?

**प्रभारी मन्त्री, ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग**—(1) प्रश्न के उत्तर देने में जितना समय एवं श्रम लगेगा वह प्राप्त होने वाले फलाफल के अनुरूप नहीं होगा :

——

पुलों की मरम्मत।

ता-38. श्री अर्जुन राम—क्या मन्त्री, लोक निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत रामगढ़ से